NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-302, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 12 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# हिमंता फिर बने असम के सीएम

## शपथ ग्रहण: 2 बीजेपी और 2 सहयोगी दलों से मंत्री बने, मोदी-शाह मौजूद रहे




**गुवाहाटी।** भाजपा नेता हिमंत बिस्व सरमा ने लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के रूप शपथ ली है। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इस दौरान पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कई भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे। शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई दी। नव निर्वाचित विधायक रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नियोग ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई। हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा, हम बहुत खुश हैं, क्योंकि भाजपा-एनडीए ने पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में चुनाव जीते हैं। डॉ. हिमंत बिस्व सरमा असम को विकास की दिशा में आगे ले जाएंगे। गुवाहाटी के खानापारा वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में शपथ ग्रहण कार्यक्रमत आयोजित किया जा रहा है। हिमंता का पूरा परिवार भी यहां पर मौजूद है। केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा कि लगातार तीसरी बार बीजेपी-एनडीएकी सरकार बनने जा रही है। यह हमारे लिए एक बड़ा दिन है। असम की जनता और एनडीए के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। इस ऐतिहासिक अवसर का गवाह बनने के लिए पूरे राज्य से लोग यहां आए हैं।

### इन 4 नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ

**रामेश्वर तेली** (बीजेपी नेता और मोदी सरकार में पूर्व राज्य मंत्री)
**अजंता नियोग** (पिछली सरकार में वित्त मंत्री)
**अतुल बोरा** (असम गण परिषद के अध्यक्ष और पिछली 2 सरकारों में मंत्री)
**चरण बोरो** (बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के नेता, पिछली सरकार में भी मंत्री)

जुकरबर्ग का सख्त कदम

## मेटा में होगी 8000 कर्मचारियों की छंटनी



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव चरम पर है। वहीं, दूसरी ओर दुनिया के टेक जगत में एआई के कारण लोगों की नौकरियां जाने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा 20 मई को अपने 8,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग अब मेटा को छोटी और एआई-संचालित टीमों के इर्द-गिर्द फिर से तैयार कर रहे हैं। हाल ही में पहली तिमाही के नतीजों के दौरान जुकरबर्ग ने स्पष्ट कर दिया है कि कंपनी केवल उन कर्मचारियों को साथ रखना चाहती है, जो अकेले ही बड़े प्रोजेक्ट्स को संभालने की क्षमता रखते हैं।

तमिलनाडु की सियासत में बड़ा उलटफेर

## एआईएडीएमके का एक गुट अब विजय की पार्टी के साथ

**चेन्नई।** सीवी षणमुगम और एसपी वेलुमणि के नेतृत्व में एआईएडीएमके के एक गुट ने मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) को समर्थन देने की घोषणा की। इस गुट के नेताओं ने कहा कि वे आज ही विजय से मिलने की योजना बना रहे हैं। षणमुगम ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में एआईएडीएमके को तीन बार द्रविड़ मनेत्र कड़गम (डीएमके) से और एक बार पिछले महीने टीवीके से हार मिली है। उन्होंने कहा, हमें पार्टी को पुनर्जीवित करना है, इसके भविष्य पर चर्चा करनी है। उन्होंने एआईएडीएमके प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ईके पलानीस्वामी पर भी टिप्पणी की और कहा कि उन्होंने द्रमुक के साथ गठबंधन पर विचार किया था।

षणमुगम ने कहा, हमने यह पार्टी द्रमुक के खिलाफ बनाई थी। 53 साल से हमारी राजनीति उसके खिलाफ रही है। ऐसे में द्रमुक के साथ सरकार बनाने का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया गया। अगर हम ऐसा गठबंधन करते, तो एआईएडीएमके खत्म हो जाती। उन्होंने यह भी कहा कि उनका पार्टी को तोड़ने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, हम अभी किसी गठबंधन में नहीं हैं। हमारा फोकस पार्टी को मजबूत करने पर है।

## चंद्रनाथ हत्याकांड मामले की जांच अब सीबीआई को

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ हत्याकांड की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई ने जांच के लिए सात सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। इस एसआईटी की अगुवाई डीआईजी रैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी करेंगे।

चंद्रनाथ रथ की 6 मई की देर रात अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। चंद्रनाथ रथ पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंद्र अधिकारी के करीबी थे। मामले में अब तक तीन आरोपियों मयंक राज मिश्रा, विक्की मौर्य और राज सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

# मानसून 4 दिन पहले आने का अनुमान

## यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक सिस्टम बन गया है, जो अगले 48 घंटे में और मजबूत हो सकता है। इससे दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश बढ़ेगी। यह सिस्टम मानसून की तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार और उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आंधी-तूफान और बारिश से 5 घरों और 7 गोशालाओं की छतें उड़ गईं।

राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। देश में सोमवार को राजस्थान का बाड़मेर सबसे गर्म रहा।



# साइको किलर का एनकाउंटर

## 24 घंटे में तीन कत्ल करने वाले को पुलिस ने किया ढेर





**चंदौली।** जिले में 24 घंटे में तीन हत्याओं को अंजाम देने वाले साइको किलर को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। रात करीब 11 बजे दरियापुर में सीन रीक्रिएशन के दौरान वह पुलिस की पिस्टल छीनकर भाग रहा था। आरोपी के सीने और पेट में दो गोलियां लगी हैं। इस दौरान एसआई और जीआरपी सिपाही घायल हुए हैं।

24 घंटे में 3 लोगों की हत्या का आरोपी गुरप्रीत सिंह सोमवार की रात 11 बजे कुचमन रेलवे स्टेशन के पास हुई मुठभेड़ में मारा गया। एसआई सतीश सिंह और जीआरपी सिपाही मनोज यादव के पैर में गोली लगी, घायलों का इलाज चल रहा है। चंदौली एसपी आकाश पटेल ने बताया कि पूछताछ में गुरप्रीत ने 3 लोगों की हत्या की बात स्वीकारी। ट्रेन में हुई घटनाओं के सीन रीक्रिएशन के लिए पीडीडीयू जंक्शन ले जाया गया। जहां आरोपी द्वारा घटनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। आरोपी को थाना सकलडीहा क्षेत्र में उस स्थान पर ले जाया गया, जहां प्रथम घटना के मृतक का शव मिला था तथा जहां से आरोपी भागा था।

रात करीब 11:00 बजे कुचमन रेलवे स्टेशन के पास गुरप्रीत ने जफरपुर चौकी इंचार्ज सतीश सिंह का पिस्तौल छीन ली। फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें गुरप्रीत के सीने और पेट में दो गोलियां लगीं।

डीआईजी वाराणसी रेंज वैभव कृष्ण के मुताबिक, अमृतसर के रहने वाले गुरप्रीत सिंह ने पहली वारदात रविवार सुबह 6.45 पर पैसेंजर ट्रेन में अंजाम दी थी। जिसमें आरोपी ने ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में चढ़कर गाजीपुर के रहने वाले 34 साल के मंगरू की हत्या कर दी थी। इसके बाद वो 10 मई की रात 1:30 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में सवार हुआ और बिहार के गया के दिनेश साहू पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी।

इस घटना के बाद वो पैदल घूमता रहा, सोमवार की सुबह करीब 7:30 बजे मुगलसराय के जीवक अस्पताल पहुंचा। वहां डॉक्टर से इलाज कराने के लिए पर्ची बनवाई और उसके बाद वार्ड में घुस गया। वहां भर्ती महिला लक्ष्मीना देवी के सिर पर रिवॉल्वर रखकर गोली चला दी। वारदात के बाद भाग रहे आरोपी को वॉर्ड बॉय और बाकी लोगों ने पकड़कर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया था। उसके पास से पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर, डबल बैरल बंदूक और कारतूस बरामद किए थे। आरोपी ने तीन हत्याएं करने की बात कबूली थी। पूछताछ में सामने आया था कि गुरप्रीत सिंह ने 2021 में सेना की नौकरी छोड़ दी थी। 29 अप्रैल को नौकरी के लिए पंजाब से बिहार के आरा गया था। वहां शराब की लत के कारण उसे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी से निकाल दिया था। वह 9 मई को ट्रेन से प्रयागराज गया और फिर चंदौली आ गया। चंदौली के पीडीडीयू नगर के अलीनगर थाना इलाके के कमलापुर स्थित एक निजी अस्पताल के वार्ड में भर्ती लक्ष्मीना (56) की सोमवार की सुबह लगभग सात बजे आरोपी गुरप्रीत ने गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने महिला के सिर में गोली मारी थी। इसके बाद आरोपी मौके से भागने लगा। लोगों ने पीछा करना शुरू कर दिया। ऑटो चालक ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के दोनों हाथों में असलहा था। भीड़ ने आरोपी गुरप्रीत की पिटाई कर दी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक, सीओ और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस आरोपी को थाने ले गई। लक्ष्मीना के पुत्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। बिहार प्रांत के कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव की लक्ष्मीना देवी के पैर में फ्रैक्चर हो गया था।

### तमिलनाडु में विजय सरकार का बड़ा एक्शन

## स्कूलों-पूजा स्थलों के पास की 717 शराब दुकानें होंगी बंद



**चेन्नई।** तमिलनाडु में नई सरकार के गठन के साथ ही मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने कड़ा एक्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने मंगलवार को अधिकारियों को राज्य भर में 717 शराब की दुकानों को बंद करने का आदेश दिया। ये सभी दुकानें पूजा स्थलों, शिक्षण संस्थानों और बस स्टैंडों के 500 मीटर के दायरे में आती हैं। मुख्यमंत्री ने इन दुकानों को अगले दो हफ्तों के भीतर बंद करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार के अनुसार, तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन वर्तमान में पूरे तमिलनाडु में शराब की 4,765 दुकानें चलाता है। मुख्यमंत्री के निर्देश मिलने के बाद अधिकारियों ने पूरे राज्य में एक विशेष सर्वे किया। इस जांच का मकसद उन दुकानों की पहचान करना था जो पूजा स्थलों, स्कूलों, कॉलेजों और बस अड्डों के बहुत करीब चल रही थीं।

सर्वे के दौरान अधिकारियों ने पाया कि 276 शराब की दुकानें पूजा स्थलों के पास स्थित हैं। इसके अलावा 186 दुकानें स्कूलों और कॉलेजों के पास मिलीं, जबकि 255 दुकानें बस स्टैंडों के करीब पाई गईं। इस तरह कुल 717 दुकानों को बंद करने के लिए चिन्हित किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य शराब की दुकानों पर सख्त नियंत्रण रखना है। जनता लंबे समय से सार्वजनिक और संवेदनशील जगहों के पास शराब की दुकानों को लेकर चिंता जता रही थी। सरकार के इस फैसले से लोगों की इन शिकायतों का समाधान होगा और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा सुनिश्चित होगी और अनुशासन बना रहेगा।

## काठमांडू में एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान विमान के टायर में लगी आग, हड़कंप

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक विमान की लैंडिंग के दौरान उसके टायर में आग लग गई। इस घटना से हड़कंप मच गया। जिस समय ये घटना हुई, उस समय विमान के अंदर 289 लोग सवार थे, जिसमें चालक दल के सदस्य भी शामिल हैं।

काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरते समय तुर्की एयरलाइंस के एक विमान के टायर में आग लग गई। हालांकि गनीमत ये रही कि समय रहते इस आग को बुझा लिया गया और विमान में मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आग पर काबू पाया जा चुका है।

## सपा सांसद के विवादित बयान पर भड़के सीएम योगी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के एक सांसद के विवादित बयान को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। इस मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सीएम योगी ने साफ शब्दों में कहा कि देश की जनता समय आने पर अमर्यादित आचरण का उत्तर जरूर देगी। साथ ही सीएम योही ने सपा सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणी को असंसदीय, अशोभनीय और अक्षम्य बताया है।

सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जननेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति एक सांसद द्वारा की गई असंसदीय टिप्पणी न केवल अशोभनीय और अक्षम्य है, बल्कि भारतीय लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर भी गंभीर आघात है। यह कृत्य राजनीतिक कुसंस्कार, वैचारिक दिवालियापन और सार्वजनिक जीवन की शालीनता के प्रति अनादर को प्रकट करता है।' इसके साथ ही सीएम योगी ने कहा, 'यह 145 करोड़ देशवासियों के जनादेश, विश्वास और भारत की लोकतांत्रिक गरिमा का भी अपमान है। देश की जनता ऐसे अमर्यादित आचरण का उत्तर समय आने पर जरूर देगी।'

# पीएम मोदी शुक्रवार को इटली सहित 5 देशों की यात्रा पर होंगे रवाना



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी शुक्रवार से 5 देशों की यात्रा पर रवाना होने जा रहे हैं। सामने आई जानकारी के अनुसार पीएम मोदी की ये विदेश यात्रा 6 दिनों के लिए होगी और इस दौरान वह संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली जाएंगे। आपको बता दें कि दुनिया भर में जारी तनाव और उथल-पुथल के बीच उनका ये दौरा अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी के इस दौरे का मकसद संबंधित देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है।

पीएम मोदी सबसे पहले यूएई की यात्रा पर पहुंचेंगे। यहां वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष पर विचार साझा करेंगे। विदेश यात्रा के दूसरे चरण में पीएम मोदी 15 से 17 मई तक नीदरलैंड की यात्रा करेंगे। बता दें कि इससे पहले पीएम 2017 में नीदरलैंड गए थे। यहां पीएम मोदी की मुलाकात राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से होगी। इसके साथ ही पीएम मोदी नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन से भी बातचीत करेंगे।

नीदरलैंड के बाद पीएम मोदी 17 से 18 मई तक दो दिनों के लिए स्वीडन की यात्रा करेंगे। पीएम मोदी ये यात्रा अपने स्वीडिश समकक्ष उल्फ क्रिस्टर्सन के निमंत्रण पर कर रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी इससे पहले 2018 में स्वीडन गए थे। इसके बाद पीएम मोदी 18 से 19 मई तक नॉर्वे में तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यहां दोनों देशों के नेतृत्व के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी होगी। बता दें कि ये पीएम मोदी की नॉर्वे की पहली यात्रा है। 5 देशों की यात्रा के आखिरी चरण में पीएम मोदी 19 से 20 मई तक इटली की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर पीएम मोदी ये यात्रा कर रहे हैं। आपको बता दें कि इससे पहले पीएम मोदी ने जून 2024 में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान इटली की यात्रा की थी। पीएम मोदी यहां राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ वार्ता करेंगे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
मंगलवार, 12 मई, 2026


# चूड़ी मजदूरों का हंगामा और प्रदर्शन, काम ठप

- मजदूरी और कार्य अवधि को लेकर कई कारखानों में प्रदर्शन, पुलिस तैनात

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** चूड़ी उद्योग में मंगलवार सुबह पोट भट्ठी मजदूरों ने मजदूरी और कार्य अवधि को लेकर हंगामा किया। इसके चलते शहर के आधा दर्जन चूड़ी कारखानों में कामकाज ठप हो गया। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित 750 रुपये प्रतिदिन के बजाय केवल 500 रुपये दिए जा रहे हैं। साथ ही, उनसे आठ घंटे की जगह दस घंटे तक काम कराया जा रहा है।



इस विरोध प्रदर्शन के कारण अमृत ग्लास, आरएस ग्लास और भूरे खां ग्लास सहित कई फैक्ट्रियों में उत्पादन रुक गया। बड़ी संख्या में मजदूर कारखानों के बाहर जमा होकर नारेबाजी करने लगे। स्थिति बिगड़ने की सूचना पर सीओ सिटी प्रवीन तिवारी कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने मजदूरों और फैक्ट्री संचालकों के बीच बातचीत कर माहौल शांत कराने का प्रयास किया।

मजदूरों का कहना है कि बढ़ती महंगाई में 500 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी में परिवार चलाना मुश्किल है। वे लंबे समय से वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। दूसरी ओर, फैक्ट्री संचालकों का तर्क है कि उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है, ऐसे में मजदूरी बढ़ाना संभव नहीं है। इस अचानक हुए विरोध प्रदर्शन से चूड़ी उद्योग का उत्पादन प्रभावित हुआ है। पुलिस प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

## परिवार ने हत्या की आशंका जताई, अगले महीने होनी थी शादी

एनएनआई





**हाथरस।** हाथरस जिले के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में पटैनी चौराहे के पास एक खेत में नीम के पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव बमनई निवासी 22 वर्षीय आकाश पुत्र नेत्रपाल के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के अनुसार आकाश राजस्थान में बर्तन बेचने का काम करता था। उसने परिवार को बताया था कि वह घर लौट रहा है, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। इसके बाद परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद उसका शव मुरसान क्षेत्र में पटैनी चौराहे के निकट एक नीम के पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। युवक की मोटरसाइकिल भी घटनास्थल के पास पड़ी मिली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि आकाश की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। उनका कहना है कि युवक की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। परिवार के लोगों ने बताया कि अगले महीने आकाश की शादी होने वाली थी। शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन उससे पहले ही युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।



आस्था की अनोखी यात्राएं अटूट विश्वास और समर्पण का प्रतीक हैं, जहां श्रद्धालु कठिन शारीरिक चुनौतियों के बावजूद अपनी मन्नतें पूरी करते हैं। अलीगढ़ में जट्टारी के युवक नरेंद्र ने वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए दांतों से कार खींचते हुए 15 दिवसीय पैदल यात्रा शुरू की।



# थाने में पेड़ काटने के मामले में एसओ सहित पांच को नोटिस

एनएनआई

**आगरा।** न्यू आगरा थाने में 27 मार्च की रात काटा गया विशाल पाकड़ का पेड़ पुलिस कर्मियों के गले की फांस बन गया है। डीसीपी पूर्वी ने प्रारंभिक जांच में तत्कालीन एसओ योगेश कुमार सहित पांच पुलिस कर्मियों को दोषी ठहराया। प्रारंभिक जांच के बाद मामला कार्रवाई के लिए डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास के पास भेजा गया है। उन्होंने एसओ सहित पांच पुलिस कर्मियों को प्रतिकूल प्रविष्टि का नोटिस जारी किया है। 27 मार्च की रात पेड़ काटा गया था। मजदूर लगाए गए थे। वीडियो वायरल हुआ था। तत्कालीन एसओ योगेश कुमार सहित कई पुलिस कर्मी मौके पर थे। मजदूर पेड़ काटकर लकड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर रहे थे। पेड़ काटना तो दूर छंटाई के लिए भी अनुमति की जरूरत



पड़ती है। पेड़ वर्दी वाले कटवा रहे थे, इसलिए नियम ताक पर रख दिए गए। पेड़ काटने की पटकथा 20 मार्च को ही लिख गई थी। जीडी में तस्करा डाला गया कि रात को बारिश हुई थी। पेड़ की एक टहनी थाने की बिल्डिंग पर टूटकर गिरी। बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई। तत्कालीन एसओ न्यू आगरा ने प्रारंभिक जांच में जो बयान दिया वह चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि पाकड़ के पेड़ का एक बड़ा तना सड़क की तरफ झुक रहा था। बिजली के तारों से छू रहा था। करंट प्रभावित हो रहा था। थाने में आने वालों को पेड़ छूने पर करंट का अहसास होता था। तत्कालीन डिवीजन चौकी इंचार्ज सोनू कुमार और बीट आरक्षी कपिल कुमार को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। 28 मार्च की सुबह वह थाने आए तो पेड़ कटा मिला। पेड़ की लकड़ी सुरक्षित रखवाई गई है। उसे बेचकर पैसा सरकारी खजाने में जमा किया जाएगा। मजे की बात यह है कि न्यू आगरा थाने के बाहर बिजली के तार नहीं हैं। टोरंट ने बिजली की लाइनें कई साल पहले ही अंडर ग्राउंड कर दी थीं। जो दो-चार तार हैं वे भी सीसीटीवी, डिश केबल और इंटरनेट के हैं। वह थाने की चाहरदीवारी से काफी दूर हैं। पेड़ के पुराने फोटो भी लोगों के पास हैं। कोई डाल सड़क पर तारों तक नहीं आ रही थी। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि कार्रवाई के लिए तत्कालीन एसओ न्यू आगरा योगेश कुमार, दरोगा सोनू कुमार, दरोगा गंधर्व सिंह, मुख्य आरक्षी कपिल कुमार और आरक्षी शीलू कुमार को नोटिस जारी किया गया है।

# राज चौहान हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने एसएन स्टे गेस्ट हाउस में हुए चर्चित राज चौहान हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के निर्देश पर वांछित, इनामी और वारंटी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने हिमांशु जाटव पुत्र संजय सिंह उर्फ रवि प्रकाश निवासी जगजीवन नगर, टेढ़ी बगिया को 100 फुटा रोड क्षेत्र से दबोच लिया। आरोपी लंबे समय से राज चौहान हत्याकांड में फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष हरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना ट्रांस यमुना में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे जेल भेज दिया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रवीन कुमार, हिमांशु सैनी समेत थाना ट्रांस यमुना पुलिस टीम के अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे।



## मोबाइल छीनने वाले गिरोह के तीन शातिर पकड़े

**आगरा** एनएनआई। थाना सिकंदरा पुलिस ने 3 अभियुक्तों को पकड़ा है जो राह चलते लोगों से मोबाइल लूट की वारदात करते थे। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूला है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# बंदूक की गोली चलने से आबकारी सिपाही की मौत

एनएनआई

**आगरा।** देवरी रोड स्थित हीराकुंज कालोनी में रविवार की रात संदिग्ध हालात में दोनाली बंदूक से गोली चलने पर एक आबकारी विभाग के सिपाही की मौत हो गई। गोली उनके सीने पर लगी थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि बंदूक साफ करते समय हादसा हुआ। हालांकि यह बात पुलिस के गले नहीं उतर रही है। सफाई के दौरान चली गोली सीधे



सीने पर ही क्यों लगी।

घटना रात करीब सवा दस बजे की है। पुलिस के अनुसार 112 नंबर पर सूचना मिली कि हीराकुंज कालोनी निवासी 45 वर्षीय प्रदीप कुमार वर्मा गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में ले जाया गया था। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर छानबीन करने पहुंची। घर में कोहराम मचा हुआ था। पत्नी और दोनों बेटों का रो-रोकर बुरा हाल था। इंस्पेक्टर सदर विजय विक्रम सिंह ने बताया कि दोनाली बंदूक लाइसेंसी है। लाइसेंस प्रदीप कुमार के पिता रामचरण वर्मा के नाम है। परिजनों ने बताया कि प्रदीप कुमार ने बेटे से बंदूक मांगी। एक कपड़ा उठाया और कमरे में चले गए। घरवालों को लगा कि वह बंदूक साफ कर रहे हैं। दोनों बेटे और रामचरण वर्मा दूसरे कमरे में खाना खा रहे थे। प्रदीप की पत्नी रसोई में थी। अचानक गोली की आवाज आई। घरवाले भागकर कमरे में पहुंचे। प्रदीप कुमार लहूलुहान हालत में पड़े थे। यह देख घरवालों की चीख निकल पड़ी। खून बह रहा था। पुलिस ने बताया कि घरवालों ने इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी है। परिजन चाहेंगे तो पुलिस आगे जांच करेगी। बंदूक को कब्जे में लिया गया है

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दौड़ती स्कॉर्पियो बनी आग का गोला

एनएनआई

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को चलती स्कॉर्पियो कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता और चालक ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और पूरी तरह राख हो गई।

जानकारी के अनुसार कानपुर के कल्यानपुर 150 आरके पुरम निवासी अनिल मिश्रा पुत्र बीसी मिश्रा उन्नाव में विद्युत विभाग में अधिशासी अभियंता के पद पर तैनात हैं। वह चालक धर्मेंद्र राजपूत पुत्र चंद्रपाल निवासी शाहपुर थाना पनकी, कानपुर नगर के साथ स्कॉर्पियो कार से उन्नाव से आगरा जा रहे थे। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित टोल प्लाजा-21 के पास कार में गियर ठीक से नहीं लग रहा था, जिसके चलते चालक धीरे-धीरे वाहन चला रहा था। इसी दौरान थाना



डौकी क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 14.900 पर पहुंचते ही कार से धुआं निकलने लगा।

चालक ने तुरंत कार को रोक दिया। दोनों लोगों ने जल्दबाजी में कार से जरूरी सामान बाहर निकाला और बोनट खोलकर देखा तो इंजन में आग लगी हुई थी। कुछ ही देर में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और कार धू-धू कर जलने लगी। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड, पुलिस और यूपीडा टीम को दी गई। सूचना मिलते ही डौकी पुलिस, फायर ब्रिगेड और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।

# ड्रिंक एंड ड्राइव में 45 वाहनों के चालान

एनएनआई

**आगरा।** शहर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए एसीपी,डीसीपी के नेतृत्व में अभियान चलाकर ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर चाबुक लगाने की कोशिश की गई ।यातायात इमरान अहमद ने थाना पुलिस और सर्विलांस टीमों के साथ सैंया, अछनेरा, एत्मादपुर, फतेहाबाद और खंदौली क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा पर रात 8 बजे से 11 बजे के दौरान वाहन चेकिंग की।टोल प्लाजा पर ब्रीथ एनालाइजर से जांच करने पर 45 वाहन चालकों के नशे में होने की पुष्टि के बाद उनका चालान किया। जिनमें अधिकांश भारी वाहनों के चालक थे। एक बस चालक शराब के नशे में पाया गया, जिसे तत्काल हटाकर वैकल्पिक चालक की व्यवस्था की गई। वहीं एक बस परिचालक का भी नशे की हालत में पाए जाने पर चालान किया। पुलिस ने सीट बेल्ट और हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन तथा सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया।



अभियान के दौरान 195 माडिफाइड साइलेंसर, 180 प्रेशर हार्न के चालान किए गए। अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी व्यापक कार्रवाई की गई। सैंया में पुलिस ने खनन के चार डंपरों को पकड़ा। जिनकी नंबर प्लेट छिपाकर अवैध खनन में प्रयोग किया जा रहा था। पुलिस ने सीज करने की कार्रवाई करते हुए कई वाहनों के डीएल और आरसी जब्त की गई। लंबित चालान वाले वाहनों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने मीट एंड ग्रीट अभियान के तहत टोल प्लाजा पर यात्रियों से संवाद किया। इस दौरान सैंया टोल प्लाजा पर ग्वालियर से दिल्ली जा रहे परिवारों से बातचीत कर उनके यात्रा अनुभव और सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए गए,बच्चों को पानी की बोतलें, चाकलेट एवं टाफी वितरित की गईं। इस दौरान यात्रियों से फीड बैक भी लिया गया। राजस्थान से आने वाले एक परिवार का कहना था कि वहां पर स्पीड ब्रेकर अधिक होने के साथ ही डाइवर्जन प्वाइंट पर समस्या आई।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com
मंगलवार, 12 मई, 2026



## नगर निगम सदन में गूंजा नाले और सीवर सफाई का मुद्दा

# पार्षदों ने किया हंगामा, जवाब नहीं है तो सदन में न बैठें अधिकारी-महापौर

**मजार हटाने के प्रस्ताव पर गरमाई राजनीति, भाजपा-बसपा पार्षद आमने-सामने**






एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम के सदन में सोमवार को नाले और सीवर सफाई का मुद्दा पूरे दिन छाया रहा। खराब सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षदों ने करीब एक घंटे तक हंगामा किया। अधिकारियों को नालों की स्थिति की जानकारी न होने पर पार्षद भड़क गए और सदन में तीखी नोकझोंक देखने को मिली। भाजपा पार्षद शरद चौहान ने सदन में मजार हटाने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव रखते ही भाजपा पार्षदों ने मेज थपथपाकर समर्थन जताया और मजार हटाने की मांग की। इस पर बसपा पार्षदों ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि मजार वर्षों पुरानी है और सड़क चौड़ीकरण के कारण वह सड़क की जद में आ गई है। इसे धार्मिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। भाजपा पार्षदों का कहना था कि विकास कार्यों में बाधा बन रही मजार को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए। मामले को बढ़ता देख महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने दोनों पक्षों को शांत कराया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सहमति से निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मुद्दे को हिंदू-मुस्लिम विवाद का रूप न दिया जाए और ऐसा समाधान निकाला जाए जिससे शहर के विकास कार्य प्रभावित न हों। महापौर ने सदन में अधिकारियों को भी जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि किसी भी वार्ड में सफाई कार्य शुरू करने से पहले संबंधित पार्षद को जानकारी दी जाए। सख्त लहजे में उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों के पास जवाब नहीं है तो उन्हें सदन में बैठने का अधिकार नहीं है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी नाली और नालों की सफाई में बाधा है, वहां अधिकारियों को दो दिन का समय देकर अतिक्रमण हटवाया जाए, तभी सफाई व्यवस्था सुधर सकेगी। शहर की खराब सफाई व्यवस्था और सड़कों में गड्ढों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता भी नगर निगम पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान गेट बंद किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। उन्होंने भजन गाकर और हनुमान चालीसा का पाठ कर विरोध जताया।

### भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोप पर सदन में हंगामा

सदन में उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई जब भाजपा पार्षद हरिओम बाबा अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शर्ट उतारकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने महापौर और नगरायुक्त के सामने आरोप लगाया कि नगर निगम के 15 कर्मचारी ऐसे हैं जो आगरा और फिरोजाबाद दोनों नगर निगमों से वेतन ले रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सफाई कर्मियों की भर्ती में एक-एक लाख रुपये लिए जा रहे हैं और पैसे देने के बाद ही नियुक्तियां हो रही हैं। पार्षद ने कहा कि नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने सदन में कपड़े उतारकर प्रदर्शन करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि किसी को शिकायत है तो वह उचित माध्यम से रखी जाए। इस तरह का प्रदर्शन उचित नहीं है। उन्होंने नगरायुक्त को मामले में कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर-1 बनने को नगर निगम ने कसी कमर

- डोर-टू-डोर वाहनों से लोगों से मांगा जाएगा सिटीजन फीडबैक

**आगरा (एनएनआई)।** नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए सिटीजन फीडबैक अभियान को और प्रभावी बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों का उपयोग जनजागरूकता अभियान में किया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कूड़ा संग्रहण वाहनों के माध्यम से मोहल्लों और कॉलोनियों में लगातार सिटीजन फीडबैक देने की अपील प्रसारित कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें। अधिकारियों का कहना है कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के बिना आगरा को स्वच्छता में शीर्ष स्थान दिलाना संभव नहीं है। महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण केवल नगर निगम का अभियान नहीं बल्कि पूरे शहर की प्रतिष्ठा से जुड़ा जन अभियान है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शॉपिंग मॉल, स्कूल, कॉलेज, होटल, बाजार और व्यस्त चौराहों पर कैनोपी और स्टैंडी लगाकर लोगों को जागरूक किया जाए तथा मौके पर ही नागरिकों से फीडबैक लिया जाए। महापौर ने कहा कि सभी जिम्मेदार अधिकारी प्रतिदिन शाम को फीडबैक अभियान की समीक्षा करें और जोनवार प्रगति रिपोर्ट तैयार कराएं। उन्होंने शहरभर में स्वच्छता के प्रति लगातार जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में आगरा की रैंकिंग 85वीं थी, जबकि वर्ष 2024 में शहरवासियों के सहयोग से आगरा ने देशभर में दसवां स्थान प्राप्त किया। अब लक्ष्य आगरा को देश में पहला स्थान दिलाना है। महापौर ने कहा कि नागरिकों का एक फीडबैक शहर की रैंकिंग बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे शहर की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## खेल, कला और ज्ञान का संगम बना समर कैंप

**सेंट एंड्रूज स्कूल में उत्साह के साथ हुआ शुभारंभ, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा**

- खेल, संगीत, नृत्य और रचनात्मक गतिविधियों में विद्यार्थियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा




एनएनआई

**आगरा।** सेंट एंड्रूज स्कूल बरौली अहीर के प्रांगण में समर कैंप का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध निदेशक सीए अपूर्वा शर्मा का बैज लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद ध्वजारोहण तथा रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़कर समर कैंप की औपचारिक शुरूआत हुई। मशाल प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की खुशियों और उत्साह से सराबोर नजर आया। प्रधानाचार्या साहिबा खान ने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास बढ़ाने और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का श्रेष्ठ माध्यम है। समर कैंप में विद्यार्थियों ने एरोबिक्स, जुम्बा, कला एवं शिल्प, चित्रकला, अंग्रेजी वातार्लाप, संगीत, नृत्य, वेस्ट से बेस्ट, सुलेख, पाक कला, स्केटिंग, बास्केटबॉल, फुटबॉल और क्रिकेट जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। संचालन रिदा खान और चारुलिका ने किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या रीता रॉय, वीडी दुबे सहित सभी समन्वयक उपस्थित रहे।

## पानी संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा

**कमला नगर में 10 दिन से पानी आपूर्ति ठप, सड़क पर उतरे लोग**

- सुल्तानगंज पुलिया पर जाम लगाकर किया प्रदर्शन, मेट्रो पर लगाया लापरवाही का आरोप



एनएनआई

**आगरा।** शहर के कमला नगर स्थित प्रकाश नगर में पानी संकट को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने सुल्तानगंज पुलिया की सर्विस रोड पर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण यातायात प्रभावित रहा। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि पिछले 10 दिनों से इलाके में पानी की आपूर्ति ठप पड़ी हुई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। पार्षद पंकज अग्रवाल ने बताया कि सुल्तानगंज पुलिया पर मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान वहां से गुजर रही पानी की पाइलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण प्रकाश नगर और आसपास के क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित हो गई। प्रदर्शनकारियों ने मेट्रो अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कर्मचारियों की लापरवाही से पाइपलाइन टूट गई और क्षेत्र के लोग पिछले कई दिनों से पानी के संकट से जूझ रहे हैं। सोमवार को पार्षद पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोग सड़क पर उतर आए और सुल्तानगंज पुलिया की सर्विस रोड पर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। पार्षद ने बताया कि मेट्रो अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की जल्द मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है।

# समर्थ पोर्टल से शुरू हुई विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया

- 400 रुपये में 50 पाठ्यक्रमों और महाविद्यालयों के लिए कर सकेंगे आवेदन
- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में देश-विदेश से बढ़ा विद्यार्थियों का रुझान

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से समर्थ पोर्टल के माध्यम से शुरू हो गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद परिसर स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में इसकी औपचारिक घोषणा की गई। प्रेसवार्ता में कुलसचिव अजय कुमार मिश्रा, डीन अकादमिक प्रो. मनु प्रताप सिंह और परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी पूजा सक्सेना ने किया।

कुलपति प्रो. आशु रानी ने बताया कि विश्वविद्यालय के आवासीय संस्थानों, विभागों और संबद्ध 572 महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मात्र 400 रुपये के पंजीकरण शुल्क पर विद्यार्थी 50 अलग-अलग पाठ्यक्रमों और महाविद्यालयों के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के दौरान विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों का चयन भी कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि सभी पाठ्यक्रमों का विस्तृत विवरण समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है। विद्यार्थियों को आवेदन से पहले अपना अपार आईडी पूर्ण करने की सलाह दी गई है। सभी पाठ्यक्रमों की न्यूनतम पात्रता भी पोर्टल पर स्पष्ट रूप से अंकित की गई है, जिससे आवेदन प्रक्रिया पारदर्शी और सरल बन सके।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए कई विशेष कदम उठाए हैं। विद्यार्थियों की सहायता के लिए आधिकारिक वीडियो लिंक जारी किया गया है। साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन ई-मेल आईडी भी जारी की गई है। कुलपति ने बताया कि विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस सत्र में एईडीपी के छह नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। पिछले वर्ष भी विश्वविद्यालय ने छह नए पाठ्यक्रम शुरू किए थे। विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान बढ़ने का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका और अफ्रीकी देशों से लगभग 50 आवेदन पूर्णकालिक पाठ्यक्रमों के लिए प्राप्त हुए हैं। वहीं रूस और यूक्रेन जैसे देशों से भी विद्यार्थी अल्पकालिक पाठ्यक्रमों के लिए लगातार विश्वविद्यालय आ रहे हैं। कुलपति प्रो. आशु रानी ने अभ्यर्थियों से आवेदन स्वयं भरने की अपील करते हुए कहा कि इससे नाम, मात्राओं और अन्य त्रुटियों की संभावना कम होगी और भविष्य में अंकपत्र एवं डिग्री से जुड़ी समस्याओं से बचा जा सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नवीन फोटो अपलोड करने की भी अपील की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वास जताया कि नई प्रवेश प्रक्रिया विद्यार्थियों के लिए अधिक पारदर्शी, सुविधाजनक और छात्र हितकारी साबित होगी।

## कृषि स्नातकों को मिलेगा 'वन स्टाप शॉप' खोलने का मौका

**आगरा (एनएनआई)।** कृषि विभाग द्वारा कृषि स्नातकों को स्वरोजगार से जोड़ने और किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन' एग्रीजंक्शन योजना वर्ष 2026-27 संचालित की जा रही है। योजना के तहत 'वन स्टाप शॉप' स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक तथा कृषि एवं सहवर्ती विषयों में स्नातक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों की अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं को अधिकतम पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए जनपद आगरा का लक्ष्य 15 निर्धारित किया गया है। चयनित उद्यमियों को 13 दिवसीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान केंद्र पर दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से 30 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ सभी आवश्यक अभिलेख अपलोड करना अनिवार्य होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क रखी गई है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग किसान हित में करना है, जिससे किसानों को एक ही स्थान पर कृषि निवेश, परामर्श और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में उप कृषि निदेशक कार्यालय, आगरा में संपर्क कर सकते हैं।

## श्रीराम चिल्ड्रन पार्क का लोकार्पण, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की रखी नई नींव

- बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में खेल जरूरी : पद्मश्री डॉ. पारीख
- श्रीराम वेलफेयर फाउंडेशन ने बच्चों को मोबाइल नहीं, मैदान से जोड़ने का किया प्रयास

एनएनआई



**आगरा।** आज बच्चे मोबाइल और टीवी पर ज्यादा समय बिताते हैं, बच्चे फिजिकल एक्टिविटीज में हिस्सा लें, फिट रहें और मिलजुलकर खेलना सीखें। इससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिलेगी। ये उद्गार मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉ. आर. एस पारीख ने श्रीराम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से सुभाष पार्क स्थित सरस्वती शिशु बालिका विद्या मंदिर में नवनिर्मित श्रीराम चिल्ड्रन पार्क के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था तुम मुझे खेल का मैदान दो मैं तुम्हें सच्चे राष्ट्रभक्त दूंगा आज यह उसी का पालन संस्था कर रही हैं। अतिथियों का उनके आगमन पर स्वागत एनसीसी की परेड और स्कूल बैंड के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एम.सी गुप्ता ने बताया कि संस्था के प्रेरणा स्रोत श्री रामचंद्र अग्रवाल की स्मृति में स्थापित पार्क का उद्देश्य नई पीढ़ी की सृजनात्मक प्रतिभा का विकास करना है। स्कूल के पार्क में बच्चे सुरक्षित और साफ-सुथरे माहौल में खेल सकते हैं और अलग-अलग एक्टिविटीज का आनंद ले सकते हैं। संस्थापक ट्रस्टी लक्ष्मण दास अग्रवाल ने बताया कि श्री रामचंद्र अग्रवाल की स्मृति में इस छटवें पार्क का उद्घाटन डॉ. एम.सी गुप्ता, पद्मश्री डॉ. आर. एस पारीख, डॉ. आर.पी. मंगल, के.के. पालीवाल और शशि शिरोमणि ने चिल्ड्रन पार्क के मुख्य द्वार का फीता काट कर किया। अगले तीन पार्कों का निर्माण पंचकुइया में सरस्वती शिशु मंदिर, दहतोरा में संतोष रानी सोमनाथ शिशु मंदिर और दयालबाग में बाबा केशव दास सरस्वती शिशु मंदिर में किया जाना प्रस्तावित है। संचालन सुशील सरित, शालिनी चौहान और गीता बंसल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक प्रमोद गोयल, प्रधानाचार्य सुमन राजपूत, प्रो. रीता निगम, जेपी बंसल, राधा मुकुल गुप्ता, नन्द नंदन गर्ग, संजीव दौनेरिया, डॉ. केशव दत्त गुप्ता, चंद्रशेखर शर्मा, हरीश भदोरिया, डॉ. सपना गोयल, रश्मि सिंह, आदित्य, आलोक, अनुराग, ज्योति, रूपाली, अर्चना आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन में पकड़ी गईं 1056 अवैध पानी की बोतलें

### आगरा मंडल के अभियान में बड़ी कार्रवाई, यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सख्ती

- सुबेदारगंज-बांद्रा टर्मिनस ट्रेन में जांच के दौरान हुई बरामदगी

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल द्वारा अवैध और अनधिकृत खानपान सामग्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान 1056 अनधिकृत पानी की बोतलें बरामद कर जब्त की गईं। आगरा मंडल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार विशेष जांच अभियान चला रहा है। इसी क्रम में एसटीएफ और आगरा कैंट निरीक्षण टीम ने ट्रेन संख्या 04125 सुबेदारगंज-मुंबई बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान टीम को बड़ी संख्या में ऐसी पानी की बोतलें मिलीं जो रेलवे द्वारा अनुमोदित नहीं थीं। कार्रवाई करते हुए सभी बोतलों को नियमानुसार कब्जे में लेकर पार्सल कार्यालय ईदगाह में जमा करा दिया गया। यह कार्रवाई वाणिज्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। टीम में बलजीत सिंह, गुलजार मोहम्मद, इन्दीवर मिश्रा, राकेश कुमार मीणा, संजीव माथुर और हिमांशु द्विवेदी शामिल रहे।

## अमेरिका में भी गूंजेगा 'हेलमेट लगाओ, जीवन बचाओ' का संदेश

### 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को लेकर न्यूयॉर्क जाएंगे समाजसेवी गोयल दंपति

एनएनआई

- अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में समाज सेवा के लिए होंगे सम्मानित

**आगरा।** शहर में लंबे समय से सामाजिक जागरूकता अभियान चला रहे समाजसेवी और उद्यमी पार्षद मुरारी लाल गोयल 'पेंट वाले' अब अमेरिका में भी 'हेलमेट लगाओ, जीवन बचाओ' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश देंगे। वह अपनी पत्नी सुमन गोयल के साथ 12 से 17 मई तक न्यूयॉर्क में आयोजित छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेंगे। यह सेमिनार कंसाई नेरोलैक पेंट्स द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत सहित विभिन्न देशों के 111 पेंट व्यवसायी शामिल होंगे। गोयल दंपति सेमिनार के दौरान व्यापारियों को समाज सेवा और जनजागरूकता अभियानों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। मुरारी लाल गोयल ने रवाना होने से पहले बताया कि वह सेमिनार में प्रत्येक व्यापारी से अपनी आय का एक हिस्सा जरूरतमंदों, वंचितों और समाजहित के कार्यों में लगाने की अपील करेंगे। साथ ही सड़क सुरक्षा और बेटी शिक्षा जैसे अभियानों को आगे बढ़ाने का संदेश भी देंगे। समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुरारी लाल गोयल और सुमन गोयल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। दोनों लंबे समय से विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और जनहित अभियानों से जुड़े हुए हैं। गोयल दंपति न्यूयॉर्क प्रवास के दौरान टाइम्स स्क्वायर, ब्रुकलिन ब्रिज, मैनहट्टन ब्रिज, वॉल स्ट्रीट, 9/11 मेमोरियल, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, जनरल असेंबली भवन, लिबर्टी स्टेट पार्क, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी और मैडम तुसाद संग्रहालय सहित कई प्रमुख स्थलों का भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान वहां की स्वच्छता व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, कूड़ा प्रबंधन और स्मार्ट सिटी व्यवस्थाओं का भी अध्ययन करेंगे, ताकि आगरा नगर निगम की कार्यकारिणी सदस्य होने के नाते शहर के विकास के लिए बेहतर सुझाव प्रस्तुत किए जा सकें।

# चंबल सेंचुरी में अवैध बालू खनन के साक्ष्य नहीं : उप वन संरक्षक

- चम्बल सेंचुरी में अवैध बालू खनन की खबरें भ्रामक, सतत निगरानी जारी
- ड्रोन, बोट पेट्रोलिंग और संयुक्त गश्त से चम्बल क्षेत्र की निगरानी तेज

एनएनआई

**आगरा।** उप वन संरक्षक चांदनी सिंह ने अवगत कराया कि चम्बल सेंचुरी अन्तर्गत अवैध चम्बल बालू के खनन के सम्बंध में भ्रामक खबरें फैलायी जा रही हैं। इसके सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि जनपद आगरा में राष्ट्रीय चम्बल वन्य जीव विहार, उत्तर प्रदेश की सैंक्चुरी सीमा अंतर्गत कोई भी संगठित यांत्रिकृत खनन नहीं है। यहाँ कभी-कभार स्थानीय लोगों द्वारा ऊँटों/ ट्रैक्टर के माध्यम से स्थानीय/निजी प्रयोग हेतु बालू उठाव किया जाता है, जिसमें मुख्यतः ऊँट द्वारा बालू उठाने के केस होते है, और इन पर लगातार नियमानुसार कार्यवाही की गई है।



आगरा के सीमान्तर्गत क्षेत्र मे अवैध बालू खनन / परिवहन की रोकथाम के लिए जनपद स्तरीय खनन टास्क फोर्स का गठन किया गया है जिसके द्वारा जनपद अन्तर्गत सतत निगरानी रखी जा रही है तथा इस सम्बन्ध में समन्वय एवं विचार-विमर्श हेतु नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं। राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी अवैध बालू खनन/परिवहन के प्रभावी रोकथाम हेतु संयुक्त गश्त, बोट पैट्रोलिंग, वाच टॉवर व मॉनीटरिंग स्टेशन से ड्रोन एवं बाइनोक्युलर के द्वारा सैंक्चुरी क्षेत्र की सतत निगरानी रखी जा रही है। उप्र राज्य अन्तर्गत चम्बल नदी क्षेत्र का सीईसी के सदस्य द्वारा निरीक्षण किया गया तथा सीमान्तर्गत चम्बल नदी क्षेत्र में कोई भी साक्ष्य नहीं पाया गया।

# पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई स्वगणना की जानकारी



एनएनआई

**आगरा।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण 07 मई से 21 मई तक संचालित किया जा रहा है, के अन्तर्गत जिलाधिकारी मनीष बंसल के निदेशानुसार, उप जिलाधिकारी नीलम तिवारी की उपस्थिति में स्व-गणना अभियान के अंतर्गत विशेष दिवस ज्यूडिशिरी-डे/न्यायिक दिवस का आयोजन बार एसोसियन सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में स्व-गणना कैसे करें आदि विषयक पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई तथा तद संबंधी लघु फिल्म का प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में मा.जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक तथा सभी न्यायिक अधिकारीगण/कर्मचारी एवं बार एसोसियन के सदस्य, पदाधिरीगण की स्व-गणना पोर्टल पर सूचना दर्ज करा कर मास्टर ट्रेनर अजय कुमार शर्मा द्वारा स्व-गणना कराई गई।

कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थित समस्त सम्मानित पत्रकार बंधुओं को स्व-गणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही मकान गणना से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक ब्रीफिंग की गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि मकान गणना एवं जनगणना से संबंधित सभी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जायेंगी तथा इनका उपयोग केवल अधिकृत जनगणना कार्यों के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी को स्व-गणना के बारे में बताया गया कि कैसे-कैसे स्टेप बाय स्टेप जानकारी दर्ज करनी है और मकान गणना के बारे में ब्रीफिंग किया गया तथा सभी की मौके पर स्व-गणना कराई गई।

# पीड़ित परिवार से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल



एनएनआई

**आगरा।** मोती कटरा खिड़की काले खां निवासी राधेश्याम प्रजापति के पुत्र करण प्रजापति की तीन मंजिला इमारत से गिरकर हुई दर्दनाक मृत्यु के मामले में पीड़ित परिवार से मिलने सपा प्रतिनिधिमंडल पहुंचा।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाहा एवं महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने संयुक्त रूप से कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा पीड़ित, शोषित एवं कमजोर वर्ग के लोगों के साथ खड़ी रही है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मृतक की पत्नी को कम से कम 10 लाख रुपये एवं मृतक के पिता को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए, जिससे परिवार को इस कठिन समय में सहारा मिल सके। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को पूरा विश्वास है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हमेशा की तरह पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करेंगे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री दयाराम प्रजापति एवं जिला उपाध्यक्ष पवन प्रजापति ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसी एक जाति या वर्ग की नहीं बल्कि सर्व समाज की पार्टी है। जो भी व्यक्ति पीड़ित होता है, समाजवादी पार्टी उसके साथ तन, मन और धन से खड़ी रहती है। प्रदेश सचिव राहुल चतुर्वेदी एवं पूर्व प्रत्याशी विनय अग्रवाल ने कहा कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है तथा परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। समाजवादी पार्टी ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी यदि पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की आवश्यकता पड़ती है तो पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी रहेगी।

प्रतिनिधि मंडल में विधान सभा अध्यक्ष सतीश चाहर, जिला उपाध्यक्ष पवन प्रजापति,योगेश यादव प्रधान, ऋतिक प्रजापति,अमित यादव,प्रमोद यादव,कालीचरण डकोरिया मनोज प्रजापति राकेश गोला, डा जे एस बघेल, वैध ऑगड़ नाथ प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

# लेडीलॉयल के एसएनसीयू में उपचार के साथ परिवारों में भी बढ़ रहा भरोसा



**आगरा** एनएनआई । जिला महिला अस्पताल (लेडी लॉयल) स्थित सिक न्यू बॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में गंभीर रूप से बीमार नवजातों का उपचार केवल चिकित्सकीय देखभाल तक सीमित नहीं है। यहां उपचार के दौरान परिवारों को भी नवजात की देखभाल से जोड़ने और उनमें भरोसा बनाए रखने पर लगातार काम किया जा रहा है। ट नर्सिंग ऑफिसर श्वेता सिंह बताती हैं कि एक नवजात को सांस लेने में तकलीफ, दूध न पचने और संक्रमण के लक्षणों के साथ एसएनसीयू में भर्ती किया गया था। भर्ती के बाद बच्चे को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया और उसकी लगातार निगरानी की गई। साथ ही मां को कंगारू मदर केयर और स्तनपान से जुड़ी देखभाल में सहयोग दिया गया। कुछ दिनों बाद बच्चे ने दूध पीना शुरू किया और उसका वजन भी बढ़ने लगा। श्वेता सिंह बताती हैं कि यूनिट में लगी ये तस्वीरें नए परिवारों के लिए भी एक भरोसे की तरह काम करती हैं।

# प्रदीप जैन का लीडर्स आगरा ने किया सम्मान



**आगरा** एनएनआई । लीडर्स आगरा परिवार द्वारा प्रकाशित एवं संयुक्त परिवार की प्रेरणा देने वाली पुस्तक "हमारे बुजुर्ग - हमारी धरोहर" पूर्व मंत्री, झांसी के पूर्व सांसद, विधायक प्रदीप जैन आदित्य को भेंट की। उनके आगमन पर पुस्तक की कृति सुनील जैन, राहुल जैन और रौबिन जैन, सुनील बग्गा ने भेंट की। प्रदीप जैन ने लीडर्स आगरा को साधुवाद देते हुए कहा कि इस पंचम काल में ऐसी पुस्तक का अध्ययन करने से समाज मे रचनात्मक सन्देश जाएगा।

# एक साथ निकलेंगी सात प्रमुख शिवालयों की दिव्य पालकियां

- 17 से 23 मई तक महाराजा अग्रसेन भवन, लोहा मंडी में मृदुल कांत शास्त्री श्रवण करवाएंगे पावन कथा
- 251 कलशों, द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकियों और नासिक बैंड के साथ सजेगी भव्य शिव महापुराण कथा



**आगरा** एनएनआई । शिव भक्ति, आस्था और सनातन संस्कृति के अनुपम संगम का साक्षी बनने जा रहा है आगरा। शिव परिवार संस्था द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के अंतर्गत इस वर्ष पहली बार शहर के सात प्रमुख शिवालयों की दिव्य पालकियां एक साथ भव्य कलश यात्रा में शामिल होंगी। 251 महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर निकाली जाने वाली यह यात्रा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगी। सोमवार को पुष्पांजलि सभागार, महाराजा अग्रसेन भवन, लोहा मंडी में कथा के आमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। संस्था पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सामूहिक रूप से आमंत्रण पत्र का विमोचन कर शहरवासियों को कथा श्रवण के लिए आमंत्रित किया।

मुख्य यजमान छोटेलाल बंसल एवं कांता बंसल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन भवन, लोहा मंडी में 17 मई से 22 मई तक प्रतिदिन सायं 5 बजे से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा में याज्ञिकरत्न पंडित विष्णुकांत शास्त्री होंगे एवं कथा व्यास मृदुल शास्त्री भक्तों को शिव महिमा का रसपान कराएंगे।

# आईपीएल सट्टे के बड़े खेल का भंडाफोड़

## 14.21 लाख नकदी समेत दो गिरफ्तार

- डौकी पुलिस व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई, मोबाइल और सट्टा पर्चियां बरामद



एनएनआई

**फतेहाबाद।** आईपीएल मैचों में हार-जीत पर सट्टा लगाने वाले गिरोह का डौकी पुलिस और सर्विलांस सेल पूर्वी जोन की संयुक्त टीम ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14 लाख 21 हजार 300 रुपये की नकदी, मोबाइल फोन, सट्टा पर्चियां और अन्य सामान बरामद किया है। भारी रकम बरामद होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अवैध गतिविधियों और सट्टेबाजी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना डौकी पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बा डौकी में आईपीएल मैचों पर बड़े स्तर पर सट्टा लगाया जा रहा है।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष डौकी सुनीत शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपितों को दबोच लिया। पूछताछ में दोनों आरोपित आईपीएल मैचों में हार-जीत पर दांव लगवाने की बात सामने आई।

पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 14,21,300 रुपये नकद, दो लावा कीपैड मोबाइल, एक वनप्लस टच मोबाइल, दो पेन, एक कॉपी में लिखी 10 सट्टा पर्चियां, लेन-देन संबंधी दो पर्चियां तथा एक कैलकुलेटर बरामद किया। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल फोन में कई संदिग्ध नंबर और लेन-देन की जानकारी भी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपितों में अमर सिंह निवासी चमरपुरा थाना डौकी तथा अभिषेक निवासी कस्बा डौकी शामिल हैं। थाना प्रभारी सुनीत शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपित लंबे समय से आईपीएल मैचों में हार-जीत पर सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

# समाजसेवी डॉ. विजय किशोर बंसल की माताजी श्रीमती इंद्रा बंसल का निधन, सामाजिक जगत में शोक

एनएनआई

**आगरा।** शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं उद्योगपति डॉ. विजय किशोर बंसल की माताजी श्रीमती इंद्रा बंसल का रविवार प्रातः निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने विजय नगर कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

शाम को ताजगंज विद्युत शवदाह गृह में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें परिवारजनों, रिश्तेदारों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोमवार को सूर्य नगर, खंदारी स्थित समाधि पार्क में



आयोजित उठावनी सभा में भी बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

श्रीमती इंद्रा बंसल सरल, धार्मिक एवं संस्कारवान व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने सदैव पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक समरसता एवं सेवा भाव को प्राथमिकता दी। उनके सौम्य व्यवहार, अपनत्व एवं स्नेहपूर्ण व्यक्तित्व ने सभी को प्रभावित किया। डॉ. विजय किशोर बंसल लंबे समय से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। परिवार के निकटस्थ लोगों का कहना है कि समाजसेवा की प्रेरणा उन्हें अपनी माताजी से ही प्राप्त हुई थी।

शोक संतप्त परिवार में पति गिरिराज किशोर बंसल, पुत्र डॉ. विजय किशोर बंसल एवं पुत्रवधू डॉली बंसल, पुत्रियां पूनम अग्रवाल एवं अनिल अग्रवाल, ऋतु प्रकाश एवं आनंद प्रकाश तथा रेखा अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल शामिल हैं।

# शादी समारोह में डीजे पर विवाद, 4 गिरफ्तार

**बाह एनएनआई।** केंजरा बाह मार्ग पर भदावर डिपो के पास रविवार की रात शादी समारोह में डीजे को लेकर हुए विवाद में कोई कुछ समझ पाता, उससे पहले ही जमकर लात घूसे चलने लगे। झगड़े और मारपीट की सूचना पर बाह पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने भी झगड़े पर



उतारू भदरौली के लायक सिंह, ललित कुमार, रवी और बड़पुरा इटावा के जयवीर को गिरफ्तार कर मामले को शांत कराया। गिरफ्तार हुए चारों आरोपियों की रात थाने की हवालात में कटी। प्रभारी निरीक्षक बाह ने बताया कि सोमवार को चारों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# रास्ते के विवाद में दो पक्ष भिड़े, पांच घायल

**फतेहाबाद एनएनआई।** थाना निबोहरा क्षेत्र के गांव नेहरे का पुरा में सोमवार को रास्ते से निकलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एक पक्ष से दुशासन पुत्र राम खिलाड़ी, अशोक पुत्र राजवीर, जयश्री पत्नी कैलाशी और राम खिलाड़ी घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से भी एक व्यक्ति घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायलों को आगरा रेफर कर दिया। थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।



# शहीद इंद्रजीत सिंह की 16वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

**बाह एनएनआई।** 16 साल पहले 11 मई को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में बाह के सिमराई गांव के इंद्रजीत सिंह ने अपने लहू से मां भारती की सरहद को सींचा था। उन्होंने न सिर्फ 4 आतंकियों को ढेर किया था, वरन अपने 6 साथियों की जान भी बचाई थी। शहादत दिवस पर सोमवार को जय हिंद, भारत माता के जयकारों के बीच पुष्पांजलि देने पहुंचे क्षेत्रीय लोग शहीद की वीरगाथा सुनकर भावुक हुए बिना नहीं रहे। पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद को सलाम करने वाले पूर्व सैनिकों बीडीओ नीरज तिवारी, एपीओ वरुण वर्मा, नेपाल सिंह गुर्जर, डॉ. सुरेश यादव, सूबेदार उदयवीर



सिंह, जयवीर सिंह, कैप्टन राजवीर, सूबेदार उदयवीर सिंह, रामवीर सिंह, दयाशंकर बौहरे, सूबेदार पूरन सिंह, गिर्राज सिंह, रामकेलाश, डॉ. सुरेश यादव, रामसेवक, हरवीर सिंह, मेघासिंह ओमकार, चरन सिंह, ऊदल सिंह, धनीराम, मुन्नालाल, सुखवीर, संतोष यादव आदि ने इंद्रजीत सिंह की स्मृति में सैनिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने की मांग की। जिससे क्षेत्रीय युवा सेना में भर्ती होने का सपना पूरा कर सकें।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस ने ट्रक में मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

**फतेहाबाद एनएनआई।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा होने से टल गया। एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 31+900 एलएचएस पर पीछे से आ रही एक निजी बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस और ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

राज कल्पना ट्रेवल्स की बस को चालक सुमित कुमार निवासी सब्जी मंडी जिला धौलपुर राजस्थान चला रहा था। बस में करीब 18 सवारियां मौजूद थीं। सामने चल रहे ट्रक को चालक राजेश सैनी निवासी शाहपुरा, जिला जयपुर चला रहा था। ट्रक उदयपुर से हरदोई जा रहा था, जिसमें चुना और पुट्टी लदी हुई थी। बताया गया कि सोमवार सुबह करीब 3:45 बजे तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा और ट्रक का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। सूचना पर यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी सुधीश कुमार शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था संभाली। बाद में बस की सवारियों को दूसरी बस के माध्यम से उनके गंतव्य के लिए रवाना कराया गया।

# गांव के बीच बने तालाब को बंद कराने की मांग

- भाकियू अराजनैतिक ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

एनएनआई

**फतेहाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत शेखुपुर के उपग्राम झारपुरा में गांव के बीच बने पुराने तालाब को बंद कराने तथा गांव से बाहर नए तालाब का निर्माण कराने की मांग उठाई।

ज्ञापन में बताया गया कि गांव के बीच स्थित पुराना तालाब काफी समय से हादसों का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब में आए दिन दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है, जिसके चलते ग्रामवासियों ने उसमें मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने तालाब के लिए गांव से बाहर नई जमीन भी खरीद ली है। भाकियू नेताओं ने मांग की कि खरीदी गई जमीन को तालाब के नाम दर्ज किया जाए तथा गांव से बाहर नए तालाब की खुदाई कराई जाए। उनका कहना था कि इससे गांव में जनहानि की संभावना समाप्त होगी और पुराने तालाब की जगह पर सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा।




## संपादकीय

# डॉलर संग सोने की चिंता



रुपये के गिरने का हर रोज नया रिकॉर्ड बन रहा है।ऐसा भारतीय रिजर्व बैंक के अपने भंडार से लगातार डॉलर बेचने के बावजूद हुआ है। इस कारण मार्च- अप्रैल में विदेशी मुद्रा भंडार में 19 बिलियन डॉलर की गिरावट आई। अब कच्चे तेल के भाव में फिर उछाल और डॉलर की बढ़ी मांग का दबाव रुपये पर है। खबर है कि भारतीय रिजर्व बैंक देश में डॉलर की आवक बढ़ाने के उपायों का अध्ययन कर रहा है।ऐसा एक उपाय अनिवासी भारतीयों की जमा राशि से डॉलर लेना है।दूसरा उपाय सरकारी बॉन्ड्स में निवेश पर विदेशियों को मिलने वाले ब्याज पर टैक्स खत्म करना है, ताकि विदेशी निवेशक आकर्षित हों। जब चुनौती गंभीर हो रही हो, तो आरबीआई के लिए ऐसे कदमों पर विचार करना लाजिमी ही है। मगर ये उपाय ज्यादा कारगर साबित नहीं होंगे। समस्या यह है, जैसाकि कुछ विशेषज्ञों ने कहा है, कि विदेशी निवेशक भारत के प्रति उदासीन हो गए हैं। ये स्थिति ईरान युद्ध शुरू होने से काफी पहले से सामने आ खड़ी हुई थी। इसकी वजह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ढांचे में निवेश का आया जुनून है।चूंकि भारत एआई क्षेत्र में कहीं नहीं है, अतः उसे इसका नुकसान उठाना पड़ा है। निवेशकों ने यहां से पैसा निकाल कर अमेरिका स्थित एआई कंपनियों में लगाया है। उधर रुपये का भाव गिरने का एक किस्म का दुश्चक्र बना हुआ है। भाव जितना गिरता है, डॉलर में किए गए निवेश पर मुनाफा उतना घट जाता है। इन स्थितियों को बनाने में डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर और अब ईरान युद्ध की भी बड़ी भूमिका रही है। इन सबका समग्र प्रभाव यह हुआ है कि एक समय भारतीय बाजार की जो चमकदार छवि बनाई गई थी, उसका आकर्षण भंग हो गया है। नतीजतन, मुश्किलें बढ़ रही हैं। इनका हल अर्थव्यवस्था के पुनर्संगठन से ही निकल सकता है। लेकिन ये बात फिलहाल अपने देश के एजेंडे पर नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले अक्टूबर से मार्च के बीच विदेशी भंडारों से अपना 100 टन सोना वापस मंगवा लिया। इस तरह अब उसके भंडार में 680 टन सोना हो गया है। दरअसल, आरबीआई का अभी जो 698.5 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है, उसमें 17 फीसदी हिस्सा सोने का है। अप्रैल 2023 की शुरुआत में यह हिस्सा महज 7.8 प्रतिशत का था। तब से हर साल इसमें बढ़ोतरी हुई है। इसकी वजह सोने की खरीदारी के साथ-साथ विदेशों से अपना सोना मंगवाना भी है। आरबीआई का यह कदम दुनिया में 2022 के बाद तेज होती गई प्रवृत्ति के अनुरूप है।फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों ने अपने यहां जमा रूस के सोने को जब्त कर लिया। उससे उनकी वित्तीय व्यवस्था की साख पर गंभीर प्रश्न खड़े हुए। संदेश गया कि जो देश अपनी विदेश या सामरिक नीति को अमेरिका के अनुरूप नहीं रखेगा, उसकी भी संपत्ति जब्त हो सकती है। अब हालात ऐसे हैं कि फ्रांस अमेरिका में रखे अपने सोने को वापस मंगवा चुका है। जर्मनी भी ऐसा करने का संकेत दे रहा है। इस बीच सोने की खरीदारी का आलम यह है कि गुजरे छह में से पांच महीनों अमेरिका का सबसे बड़ा निर्यात सोना रहा।समझा जाता है कि इसका अधिकांश हिस्सा स्विट्जरलैंड गया, जहां से चीन और अन्य देशों ने उसकी बड़े पैमाने पर खरीदारी की। चीन ने अपनी मुद्रा को स्वर्ण समर्थित करने की दिशा में स्पष्ट कदम उठाए हैं। इन परिघटनों के कारण सोने की कीमत तेजी से बढ़ी है। उसका लाभ सेंट्रल बैंकों को मिला है। कीमत बढ़ने के साथ उनके भंडार मौजूद सोने का मूल्य बढ़ता है, जिससे बिना किसी नई आवक के विदेशी मुद्रा भंडार बड़ा दिखने लगता है। साथ ही डॉलर की कीमत में अस्थिरता के प्रभाव से बचाव भी होता है। अच्छी बात है कि आरबीआई इस मामले में वैश्विक रुझान के अनुरूप चला है। उसने सोने में अपना निवेश भी बढ़ाया है। जब दुनिया बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही हो, ऐसे कदम सुरक्षा का भाव मजबूत करते हैं।



# गर्मियों में घूमने की भारत की सबसे लाजवाब और बेहतरीन जगहें

भारत ऐसा देश है जहां हर मौसम में घूमने की जगहें बदल जाती हैं। अगर सर्दियों में बर्फ देखनी है तो पहाड़ों पर चले जाइए। गर्मी के दिनों में सुकून पाने के लिए ठंडी और सुकूनपरस्त वाली जगहों पर जाने का मन करता है। गर्मियों के दिनों में ही लोग अपने घर से निकलकर छुट्टियां मनाने निकलते हैं। क्योंकि गर्मियों के दिनों में अधिकांश लोगों की छुट्टियां ही रहती हैं। उन्हीं छुट्टियों को अच्छी जगह पर जाकर एंजॉय कीजिए। इसलिए हम आपको कुछ जगहों के बारे में बता रहे हैं जहां अपनी गर्मियों की छुट्टियों को बेहद शानदार तरीके से व्यतीत कर सकते हैं।

## लद्दाख

लद्दाख भारत की ऐसी जगह है जहां साल भर घूमने वालों का तांता लगा रहता है। लद्दाख रोड ट्रिप के लिए बहुत मशहूर है। सर्दियों के दिनों में पूरा इलाका बर्फ से ढंका होता है लेकिन जून-जुलाई में बर्फ न के बराबर होती है लेकिन यहां खूबसूरती देखने लायक होती है। लद्दाख में कई ऐसी जगहें हैं जो आपको अपनी सुंदरता से आश्चर्यचकित कर सकती हैं। लद्दाख काफी शांत और सुंदर जगह है। अगर आप गर्मी के लिए कोई जगह पर घूमना चाहते हैं लद्दाख जरूर आना चाहिए।

**कब- जून से जुलाई तक**

## मुन्नार

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश पहाड़ों के लिए जाने जाते हैं तो दक्षिण की कुछ जगहें अपनी सुंदरता और हरियाली के लिए जाने जाती हैं। ऐसी ही एक बहुत बेहतरीन जगह है, मुन्नार। मुन्नार केरल का एक हिल स्टेशन है, जो इडुक्की जिले में पड़ता है। यहां हर साल हजारों पर्यटक आते हैं। जिंदगी की भागदौड़ और प्रदूषण से दूर ये जगह लोगों को अपनी ओर खींचती है। 12000 हेक्टेयर में फैले चाय के खूबसूरत बागान यहां की खासियत है। इसके अलावा यहां वन्य जीवन को करीब से देखा जा सकता है।

## हिमाचल प्रदेश

अगर मुझसे कोई कहे कि गर्मियों में कहां जाना सही रहेगा, वैसे तो



बहुत जगहें है। लेकिन मैं हिमाचल प्रदेश का सुझाव दूंगा। उसकी वजह है कि हिमाचल की हर जगह देखने लायक है। यही वजह है कि सबसे ज्यादा घुमक्कड़ों का डेरा इसी राज्य में डलता है। यहां बहुत कुछ देखने लायक है और बहुत कुछ जानने लायक है। शहर घूमना है तो मनाली, शिमला हैं। पहाड़ों के बीच चलना है स्पीति वैली, पार्वती वैली जैसी जगहें हैं। हिमाचल हर रोज नए रंग दिखाता है और यही रंग तो यहां की खूबसूरती है।

## रानीखेत

गर्मियों में उत्तराखंड तो सैलानियों से भरा रहता है खासकर जहां तीर्थ स्थान हो। ऐसे में उत्तराखंड में सुकून और शांति के लिए उत्तराखंड के अल्मोड़ा में स्थित हिल स्टेशन रानीखेत बड़ा फेमस है। ये छोटा-सा शहर खूबसूरती से भरा हुआ है। इस शहर का शांत वातावरण, फूलों से ढके रास्ते, देवदार और पाईन के लंबे पेड़ पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। कहते हैं कि जिसने रानीखेत को नहीं देखा उसने भारत नहीं देखा। गर्मियों में रानीखेत भी एक अच्छी जगह हो सकती है।

**कब आएं- मई से जुलाई के बीच**

## कश्मीर

कश्मीर को भारत की जन्नत कहा जाता है लेकिन बहुत लोग सोचते हैं कि यहां आना खतरे से खाली नहीं है। तो उनके लिए मेरा एक सुझाव है जिंदगी इतनी भी बुरी नहीं कि जन्नत ही बुरी हो जगह, ये जगह पहले भी जन्नत थी और आज भी। गर आप शहरी भागदौड़ से थक गए हैं तो कश्मीर की खूबसूरती आपके मन को शांति देगी। कश्मीर की खूबसूरती बेमिसाल है। यहां की खूबसूरत वादियां, ऊंची-ऊंची पहाडियां, घाटियों के बीच बहती झीलें पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। अगर आप गर्मियों में सुकून चाहते हैं तो कश्मीर भी उन्हीं डेस्टिनेशन में से एक है।

## ऊटी

नीलगिरी हिल्स के बीच बसा ऊटी गर्मियों में छुट्टियां बिताने के लिए बेहतरीन जगह है। ये दक्षिण भारत के खूबसूरत हिल्स स्टेशनों में से एक है। ये इलाका ग्रामीण परिवेश से घिरा हुआ है। यहां गांव की संस्कृति की झलक देखने का मिलती है जो पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहती है। ये सुरमई और खुशनमा हिल स्टेशन अपने मौसम के साथ स्वागत करता है। ऊटी में आप बॉटनिकल गार्डन, रोज गार्डन, द टी फैक्ट्री, एको रॉक, डॉलफिन्स नोज, सिम्स पार्क, अन्नामलाई मंदिर, हिडन वैली, वैक्स म्यूजियम जैसी जगहों पर घूम सकते हैं।

**कब आएं- अप्रैल से जून महीने तक**

## औली

औली इतना खूबसूरत है कि आपने कभी सोचा भी नहीं होगा। उत्तराखंड का ये फेमस स्पॉट गर्मी और शोरगुल से दूर आपके मन को शांति देता है। ऊंचे-ऊंचे सफेद चमकीले पहाड़ों पर धुंध में लिपटे बादल, मीलों तक जमी बर्फ के प्राकृतिक नजारे पर्यटकों के मन को लुभाते हैं। कुछ किलोमीटर में फैला हुआ ये छोटा-सा स्की-रिसोर्ट है। यहां देवदार के वृक्ष बहुतायत में पाए जाते हैं, इनकी महक यहां की ठंडी हवाओं में महसूस की जा सकती है।

**कब जाएं- मई से जून के बीच**

गर्मियां भी आ गई हैं और छुट्टियां भी तो इस बार इन जगहों पर जाना मत भूलिएगा। कहीं बाद में ऐसा न हो कि अपने दोस्त, रिश्तेदार को उस जगह पर देखकर अफसोस मनाएं।

# शाहरुख ने की थी जगपति बाबू की अभिनय क्षमता की तारीफ

**शक्ति के क्लाइमेक्स सीन को लेकर अभिनेता ने साझा किया पुराना किस्सा**

**वायरल वीडियो के बाद फिर चर्चा में आई अंतःपुरम और शक्ति : द पावर**





दक्षिण भारतीय अभिनेता जगपति बाबू का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में उन्होंने अपनी चर्चित तेलुगु फिल्म अंतःपुरम और उसके हिंदी रीमेक शक्ति : द पावर की शूटिंग से जुड़ा दिलचस्प किस्सा साझा किया। जगपति बाबू ने बताया कि हिंदी रीमेक की शूटिंग के दौरान अभिनेता शाहरुख खान एक भावनात्मक क्लाइमेक्स दृश्य करते समय परेशान हो गए थे। उन्होंने कहा कि मूल तेलुगु फिल्म में दिखाए गए भाव और तीव्रता को दोहराना आसान नहीं था। अभिनेता के मुताबिक शाहरुख खान ने उनकी अभिनय क्षमता की खुलकर तारीफ की थी और वह आज भी उसे अपने करियर की सबसे बड़ी प्रशंसाओं में से एक मानते हैं। साल 1998 में रिलीज हुई अंतःपुरम का निर्देशन कृष्ण वामसी ने किया था। फिल्म में सौंदर्या, प्रकाश राज, साई कुमार और जगपति बाबू ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म को ग्रामीण परिवेश, भावनात्मक कहानी और दमदार अभिनय के कारण काफी सराहना मिली थी। फिल्म में जगपति बाबू के निभाए गए ग्रामीण और निडर किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासकर क्लाइमेक्स के भावनात्मक दृश्यों को आज भी तेलुगु सिनेमा के यादगार पलों में गिना जाता है। इसके बाद वर्ष 2002 में कृष्ण वामसी ने इस फिल्म का हिंदी रीमेक शक्ति : द पावर बनाया, जिसमें शाहरुख खान, करिश्मा कपूर और नाना पाटेकर मुख्य भूमिका में नजर आए। फिल्म में शाहरुख खान का रफ एंड टफ अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आया था। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल नहीं कर सकी, लेकिन शाहरुख खान के अभिनय और उनके भावनात्मक दृश्यों की काफी सराहना हुई

# श्री हरमंदिर साहिब पहुंचीं प्रीति जिंटा, पंजाब किंग्स की जीत के लिए की अरदास





प्रीति जिंटा अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब पहुंचीं। यहां उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अपनी टीम पंजाब किंग्स की सफलता के लिए अरदास की और गुरु घर में सेवा भी की। प्रीति जिंटा पारंपरिक पीले रंग के सूट में नजर आईं। उन्होंने सिर ढककर श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और उनके प्रशंसक भी मौजूद रहे। मंदिर परिसर में उनका सादगी भरा अंदाज लोगों को काफी पसंद आया। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में प्रीति जिंटा ने कहा कि वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें यहां आने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, बाबा जी ने बुलाया तो मैं आ गई। पंजाब की टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उम्मीद है कि टीम सभी मुकाबले जीतेगी। हमें लोगों का बहुत प्यार मिल रहा है। उनके बयान के बाद पंजाब किंग्स के समर्थकों में उत्साह देखा गया। प्रीति ने भरोसा जताया कि आने वाले मुकाबलों में टीम और बेहतर प्रदर्शन करेगी। प्रीति जिंटा लंबे समय से पंजाब किंग्स से जुड़ी हुई हैं और टीम की पहचान का अहम चेहरा मानी जाती हैं। वह अक्सर मैचों के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाती नजर आती हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी उनकी आस्था और सादगी की सराहना की। कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और सोशल मीडिया पर उनका यह दौरा चर्चा का विषय बना रहा। आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के प्रदर्शन को लेकर प्रशंसकों की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं।





### कनाडा कॉन्सर्ट में झंडा विवाद पर बोले दिलजीत दोसांझ

# फैंस को परेशान करने वालों को बर्दाश्त नहीं करूंगा



दिलजीत दोसांझ ने कैलगरी में आयोजित अपने ऑरा 2026 कॉन्सर्ट के दौरान हुए झंडा विवाद पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों द्वारा खालिस्तान समर्थक झंडे लहराने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। वायरल वीडियो में दिलजीत दोसांझ कुछ देर के लिए अपनी प्रस्तुति रोकते दिखाई दिए थे। बताया गया कि उन्होंने सुरक्षा कर्मियों से कार्यक्रम में व्यवधान डालने वाले लोगों को बाहर करने के लिए कहा था। अब इस पूरे मामले पर सफाई देते हुए दिलजीत दोसांझ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि उनका किसी भी झंडे या बैनर से विरोध नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर अपने क्षेत्र या समुदाय का समर्थन दिखाने के लिए झंडे लेकर आते हैं, लेकिन यदि कोई उसी के बहाने उनके प्रशंसकों के साथ अभद्रता करता है या माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल कार्यक्रम का माहौल शांतिपूर्ण बनाए रखना था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने सुरक्षा टीम को केवल उन लोगों को हटाने के निर्देश दिए थे जो कार्यक्रम में बाधा पहुंचा रहे थे। दिलजीत दोसांझ ने लोगों से अफवाहें न फैलाने की अपील करते हुए कहा कि वह लंबे समय से इस मुद्दे पर चुप थे, लेकिन अब गलत बातें फैलाए जाने पर अपनी बात रखना जरूरी समझा।

# वेनिस गाला में राधिका मर्चेंट का शाही अंदाज छाया

**ऑड्रे हेपबर्न से प्रेरित साड़ी गाउन में दिखीं राधिका**

राधिका मर्चेंट ने वेनिस गाला में अपने खास अंदाज से फैशन प्रेमियों का ध्यान खींच लिया। इंडिया पवेलियन सेलिब्रेशन के दौरान वह साड़ी से प्रेरित खास गाउन में नजर आईं, जिसमें भारतीय परंपरा और विंटेज हॉलीवुड ग्लैमर का खूबसूरत मेल दिखाई दिया। राधिका ने इस अवसर पर गिवेंची का डिजाइन किया हुआ पाउडर ब्लू रंग का कस्टम हाउते कूटूर परिधान पहना। वन-शोल्डर डिजाइन वाला यह गाउन साड़ी की तरह बहते हुए ड्रेप्स के साथ तैयार किया गया था, जिसने उनके लुक को बेहद आकर्षक बना दिया। उनके मेकअप में सॉफ्ट ग्लैम स्टाइल देखने को मिला। चमकदार त्वचा, विंग्ड आईलाइनर, हल्के रंग की लिपस्टिक और उभरे हुए गालों के साथ उनका लुक बेहद शालीन नजर आया। वहीं बालों को हल्की वेव्स के साथ रेट्रो शैली में सजाया गया था, जिसने पूरे लुक को विंटेज स्पर्श दिया। बताया जा रहा है कि इस विशेष परिधान की प्रेरणा मशहूर डिजाइनर ह्यूबर्ट डी गिवेंची द्वारा अभिनेत्री ऑड्रे हेपबर्न के लिए तैयार किए गए प्रतिष्ठित साड़ी-प्रेरित गाउन से ली गई थी। राधिका मर्चेंट का यह फैशन अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैशन जगत में इसकी खूब चर्चा हो रही है।

# दिल्ली ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

## प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार, पंजाब के नाम अनचाहा रिकॉर्ड




**धर्मशाला।** मिचेल स्टार्क और माधव तिवारी की घातक गेंदबाजी के बाद अक्षर पटेल और डेविड मिलर की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया। सोमवार को धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने प्रियांश आर्या (56) और श्रेयस अय्यर (59*) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19 ओवर में सात विकेट पर 216 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

पंजाब के लिए अर्शदीप और यश ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए जबकि बेन ड्वार्शुइस और मार्कस स्टोइनिस के नाम एक-एक विकेट रहा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 33 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए थे। यहां से ट्रिस्टन स्टब्स ने कप्तान अक्षर पटेल के साथ चौथे विकेट के लिए 23 गेंदों में 41 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। ट्रिस्टन स्टब्स 17 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद अक्षर ने डेविड मिलर के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 गेंदों में 64 रन जोड़कर टीम को 138 के स्कोर तक पहुंचाया।

कप्तान अक्षर 30 गेंदों में दो छक्कों और आठ चौकों के साथ 56 रन बनाकर आउट हुए।यहां से डेविड मिलर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 28 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों के साथ 51 रन बनाए, जबकि आशुतोष ने 10 गेंदों में 24 रन की तूफानी पारी खेली। विपक्षी खेमे से अर्शदीप सिंह और यश ठाकुर ने दो-दो विकेट हासिल किए। बेन ड्वार्शुइस और मार्कस स्टोइनिस ने एक-एक विकेट निकाला।

### पंजाब के नाम अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हुआ

दिल्ली का यह आईपीएल में किसी टीम के खिलाफ दूसरे सबसे बड़ा सफल रनचेज है। इससे पहले टीम ने जयपुर में राजस्थान के खिलाफ 226 रनों के लक्ष्य को हासिल किया था। वहीं, पंजाब के नाम अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। पंजाब किंग्स आईपीएल की पहली ऐसी टीम बन गई है जिसके नाम 200 से ज्यादा स्कोर का बचाव करते हुए सबसे ज्यादा शिकस्त दर्ज हैं। टीम ने नौ मुकाबले गंवाए हैं जबकि आरसीबी (सात), चेन्नई (छह) और कोलकाता (पांच) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

### सातवें स्थान पर दिल्ली

12 में से पांच मुकाबले जीतकर दिल्ली सातवें स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में 10 अंक हो गए हैं और नेट रन रेट -0.993 है। उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें अभी जीवित हैं। वहीं, पंजाब किंग्स 13 अंक और +0.428 नेट रन रेट के साथ चौथे स्थान पर है। शीर्ष पर आरसीबी है जबकि हैदराबाद और गुजरात क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर है।



| | टीम | मैच | जीते | हारे | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +1.103 |
| 2 | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.737 |
| 3 | गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.228 |
| 4 | पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | +0.428 |
| 5 | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.185 |
| 6 | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.082 |
| 7 | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8 | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 9 | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10 | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

# खेल मंत्रालय ने बीएफआई को थमाया कारण बताओ नोटिस, चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और खेल मंत्रालय ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की चयन प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। खेल मंत्रालय ने सोमवार को बीएफआई को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। सूत्रों के हवाले से बताया, मंत्रालय ने बीएफआई की चयन नीति को अस्पष्ट और पारदर्शिता से रहित बताया है। यह नोटिस ऐसे समय में जारी हुआ है जब एक दिन पहले ही साई ने पटियाला में आयोजित होने वाले मूल्यांकन शिविर को रोकने के निर्देश दिए थे। यह शिविर आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स के लिए मुक्केबाजों के चयन के उद्देश्य से आयोजित किया जाना था। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय शिविर में खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए अपनाए गए ह्लदूसरे रास्तेह्व यानी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) कप के मानदंड स्पष्ट नहीं हैं। यह टूनार्मेंट अप्रैल में पुणे स्थित आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में आयोजित हुआ था। आरोप है कि इसमें कुछ ऐसे मुक्केबाजों को हिस्सा लेने से रोक दिया गया जो सशस्त्र बलों से जुड़े नहीं थे। सीओएएस कप के 40 पदक विजेताओं को राष्ट्रीय कैंप में मूल्यांकन के लिए बुलाया जाना था, लेकिन साई ने इस पर आपत्ति जताई। साई का कहना है कि बंद टूनार्मेंट के खिलाड़ियों को ऐसे कोचिंग पैनल के तहत शामिल किया जा रहा था जो अनुभव और योग्यता के मानकों पर खरे नहीं उतरते।

# टिम डेविड को महंगा पड़ा आपत्तिजनक इशारा

## बीसीसीआई ने लगाया मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना



**मुंबई।** टिम डेविड को इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता का उल्लंघन करना महंगा पड़ गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस खिलाड़ी पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुमार्ना लगाया है। साथ ही उनके खाते में दो डिमेरिट अंक भी जोड़े गए हैं। यह कार्रवाई मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान आपत्तिजनक इशारा करने के मामले में की गई। मैच के बाद जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि टिम डेविड को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। यह नियम अश्लील, अपमानजनक या आपत्तिजनक इशारों से संबंधित है। बताया गया कि खिलाड़ी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दिए गए दंड को भी मान लिया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की थी। हालांकि बल्लेबाजी में टिम डेविड खाता खोले बिना पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। मैच समाप्त होने के बाद कैमरों में उन्हें बीच की उंगली दिखाते हुए देखा गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद क्रिकेट जगत में इस व्यवहार को लेकर काफी चर्चा हुई। इस जीत के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया, जबकि मुंबई इंडियंस का इस सत्र में सफर लगभग समाप्त हो गया।

# मंगलवार, 12 मई राशिफल

आज का दिन उच्च ऊर्जा और भावनात्मक संवेदनशीलता का अनूठा मेल लेकर आया है। दोपहर तक कुंभ राशि के चंद्रमा आपके लाभ और नेटवर्किंग को मजबूत करेंगे, जिससे सामाजिक संपर्कों से फायदा मिलेगा।

आज करियर और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाना जरूरी रहेगा। दोपहर तक चंद्रमा आपके करियर भाव में रहेंगे, जिससे कार्यक्षेत्र में छवि मजबूत होगी। आपकी राशि में शुक्र का प्रभाव आकर्षण और आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

आज नए अवसर आपका इंतजार कर रहे हैं। भाग्य भाव का चंद्रमा दोपहर तक आत्मविश्वास और आध्यात्मिक सोच को मजबूत करेगा। आपकी राशि में गुरु का प्रभाव ज्ञान और समझ बढ़ाएगा। शाम को चंद्रमा करियर भाव में प्रवेश करेंगे, जिससे जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

दिन की शुरूआत थोड़ी मानसिक उलझनों के साथ हो सकती है, लेकिन शाम तक परिस्थितियां बेहतर होंगी। करियर में सूर्य और मंगल का प्रभाव आपको पहचान दिलाएगा। मित्रों के सहयोग से आर्थिक लाभ के संकेत हैं। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

आज पार्टनरशिप और निजी संबंधों में सफलता मिलने के योग हैं। दोपहर तक चंद्रमा संबंधों में मधुरता लाएंगे। शाम को आर्थिक मामलों और छिपी चिंताओं पर ध्यान देना पड़ सकता है। करियर में प्रतिष्ठा मजबूत होगी। साझा संपत्ति या निवेश से जुड़े मामलों में गंभीरता रखें।

आज बातचीत और कार्यक्षमता आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगी। दोपहर तक चंद्रमा दैनिक कार्यों को व्यवस्थित करने में मदद करेंगे। शाम को रिश्तों में संवेदनशीलता बढ़ सकती है। साझेदारी और बिजनेस मामलों में जिम्मेदारी निभानी होगी।

आज रचनात्मकता और आकर्षण दोनों चरम पर रहेंगे। प्रेम संबंधों में नई ऊर्जा आएगी। शाम को स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान देना जरूरी होगा। आर्थिक मामलों में फिजूलखर्ची से बचें। आपके व्यक्तित्व का प्रभाव लोगों को आकर्षित करेगा।

आज घरेलू जीवन और भावनात्मक संतुलन पर ध्यान रहेगा। शाम को रचनात्मक कार्यों और प्रेम संबंधों में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और कठिन काम पूरे होंगे। बच्चों के साथ समय बिताना मानसिक सुकून देगा।

आज संचार कौशल और आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। योजनाओं को लोगों के सामने प्रभावशाली तरीके से रख पाएंगे। शाम को घर और परिवार पर ध्यान बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं पर खर्च हो सकता है। प्रेम में दिखावे से ज्यादा भावनात्मक जुड़ाव सुख देगा।

आज आर्थिक सुरक्षा और साहस के बीच संतुलन बनाना जरूरी रहेगा। शाम को बातचीत और नेटवर्किंग में आपका प्रभाव बढ़ेगा। परिवार के साथ बहस से बचें। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण मीटिंग्स आपके पक्ष में जा सकती हैं।

आज आत्मविश्वास और मानसिक स्पष्टता बढ़ी हुई रहेगी। कम्युनिकेशन और छोटी यात्राओं के योग बनेंगे। शाम को आर्थिक मामलों पर ध्यान देना होगा। परिवार के साथ वित्तीय चर्चा हो सकती है। करियर में आगे बढ़ने के लिए दिन काफी मजबूत साबित होगा।

आज आत्ममंथन और नई शुरूआत दोनों का मिश्रण रहेगा। दिन के पहले भाग में थोड़ी बेचैनी हो सकती है, लेकिन शाम को चंद्रमा आपकी राशि में आकर ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ाएंगे। आर्थिक मामलों में सुधार होगा और भविष्य की योजनाओं पर ध्यान देंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# नेत्रदान पर बनी डॉक्यूमेंट्री ने जीता दिल

## सूरज तिवारी की फिल्म के प्रीव्यू शो में उमड़ी भीड़, तालियों से गूंजा सभागार

एनएनआई

**आगरा।** समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बनाई गई निर्देशक सूरज तिवारी की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'नेत्रदान' का भव्य प्रीव्यू शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणपति वंदना के साथ हुई, जिसके बाद कॉर्निया दान पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। फिल्म में बेहद सरल तरीके से यह बताया गया है कि नेत्रदान के बाद किसी प्रकार की समस्या नहीं होती और अंतिम संस्कार में भी कोई दिक्कत नहीं आती। फिल्म के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नेत्रदान के दौरान पूरी आंख नहीं निकाली जाती और चेहरे पर भी किसी प्रकार का असर नहीं पड़ता। लोगों से इस दिशा में पहल करने का आह्वान किया गया। फिल्म का लेखन और निर्देशन सूरज तिवारी ने किया है। कैमरा वर्क कमाल लोखंडवाला और सुनील राज ने संभाला। अभिनय में ब्रज के रवी परिहार, ज्योति सहित अन्य कलाकारों ने भूमिका निभाई। पोस्ट प्रोडक्शन का कार्य अंशु कुशवाह सिनेमाफाई ने किया। प्रोडक्शन हेड डॉ राहत जहां खानम रहीं, जबकि प्रोडक्शन टीम में पंकज शर्मा, बॉबी और विजय शामिल रहे। कार्यक्रम में सभी कलाकारों और टीम सदस्यों का स्वागत कर सम्मानित किया गया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म में समाज पर प्रभाव रखने वाले कई प्रमुख लोगों के साक्षात्कार शामिल किए गए हैं। इनमें सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, विधायक योगेंद्र उपाध्याय, एमएलसी विजय शिवहरे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण श्रीवास्तव, एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता, समाजसेवी सतीश अरोड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी पूरण डावर, प्रशांत ए सागर, डॉ अरुण शर्मा, समाजसेविका जीनत जीशान, डॉ अशोक पचौरी, डॉ नरेंद्र मल्होत्रा, जीपी अग्रवाल और पीएल शर्मा सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं। कार्यक्रम में विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ सतीश अरोड़ा, डॉ रजनीश त्यागी, प्रशांत ए सागर, जीनत जीशान, रणजीत समा और सूरज तिवारी मंचासीन रहे। इस दौरान फिल्म के पोस्टर का विमोचन भी किया गया और अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

- कॉर्निया दान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का संदेश



# पुरुषोत्तम माह में भक्तिमय होगा इस्कॉन मंदिर



- भगवान जगन्नाथ का होगा विशेष बांकुरा श्रृंगार, प्रतिदिन होगा दीपदान
- 17 मई से 15 जून तक सुबह मंगला आरती से रात्रि शयन आरती तक चलेंगे आयोजन

**आगरा (एनएनआई)।** पुरुषोत्तम माह में कमला नगर स्थित इस्कॉन मंदिर भक्तिमय आयोजनों से गुलजार रहेगा। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विशेष बांकुरा श्रृंगार में भक्तों को दर्शन देंगे। शंख, चक्र और गदा के साथ फूलों से होने वाला यह विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगा। भगवान जगन्नाथ के प्रिय पुरुषोत्तम माह को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने के लिए मंदिर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। 17 मई से 15 जून तक प्रतिदिन सुबह दीपदान से लेकर रात्रि तक विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में आयोजित आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम में मंदिर अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने बताया कि पुरुषोत्तम माह भगवान जगन्नाथ का अत्यंत प्रिय माह माना जाता है। इस दौरान मंदिर में कमल मनोरथ, नौका विहार और आम मनोरथ जैसे विशेष उत्सव आयोजित होंगे। नितेश अग्रवाल ने कहा कि सनातन धर्म में तीन वर्ष बाद आने वाला अधिक मास विशेष महत्व रखता है। इस माह में भगवान की सेवा, पूजा और कीर्तन का विशेष फल प्राप्त होता है। कार्यक्रम में संजीव बंसल, राजेश मल्होत्रा, संजय कुकरैजा, सूरज, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेश उपाध्याय, शाश्वत नन्दलाल, राज प्रभु, अदिति गौरांगी और देव केशव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुरु भक्ति में झूमे श्रद्धालु, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया अवतरण दिवस



- आचार्य पुलक सागर के 56वें अवतरण दिवस पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम
- गुरु पूजन, भक्तिमय नृत्य और रक्तदान शिविर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

एनएनआई

**आगरा।** महावीर दिगंबर जैन मंदिर ज्योति नगर में राष्ट्रसंत आचार्य पुलक सागर के 56वें अवतरण दिवस पर पुलक मंच परिवार शाखा आगरा की ओर से भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गुरुदेव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। मंदिर परिसर हृजय जिनेंद्रह और हृआचार्य पुलक सागर जी महाराज की जयह्न के उद्घोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसमें उषा मार्सन्स, नीलू कोरसन्स, पायल जैन, लवली जैन, सवि जैन और आयुषी जैन ने सहभागिता निभाई। मुख्य अतिथि स्नेह लता जैन ने कहा कि आचार्य पुलक सागर के विचार समाज को आध्यात्मिकता, संस्कार, संयम और मानवता की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उद्घाटनकर्ता बीनू बैनाड़ा और आयुषी मोंट्या ने धार्मिक आयोजनों की महत्ता बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता, संस्कार और धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मोनिका जैन और अंजलि अहिंसा ने आकर्षक चित्रानावरण प्रस्तुति दी, जिसे श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। समारोह में धार्मिक तंबोला का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बाहर से आए अतिथियों का स्वागत और सम्मान भी किया गया। साथ ही अन्नदान वितरण और रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन की व्यवस्थाएं राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना जैन, चारू जैन और महामंत्री सविता जैन के निर्देशन में संपन्न हुईं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, संस्कार और एकता को बढ़ावा देना रहा। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने आचार्य पुलक सागर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मधु कंसल, रूचि जैन, सविता जैन, नीरू बैनाड़ा, सीमा बैनाड़ा, हेमा जैन, स्वीटी जैन, कंचन जैन, हेमलता जैन, नीना बैनाड़ा, शशि पाटनी, रीना जैन सहित पुलक मंच परिवार शाखा आगरा के सदस्य उपस्थित रहे।

# सेवा, संस्कार और समर्पण के संकल्प के साथ नए सत्र का शुभारंभ

- भारत विकास परिषद अमृतम की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, 'अपना घर' को मिली एंबुलेंस
- अधिष्ठापन समारोह में सेवा प्रकल्पों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प



एनएनआई

**आगरा।** फतेहाबाद रोड स्थित डबल ट्री बाय हिल्टन में भारत विकास परिषद अमृतम के नवीन सत्र 2026-27 का शुभारंभ अधिष्ठापन, दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सेवा-संस्कार के संदेशों के बीच आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदे भारत गान के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ तरुण शर्मा, संस्थापक संरक्षक उमेश बाबू अग्रवाल, आरएस गुप्ता, विजय अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता और प्रो. डॉ लवकुश मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। इसमें अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता 'राम भाई', सचिव राजीव गोयल और कोषाध्यक्ष मयंक जैन सहित महिला उपाध्यक्ष रेखा राज अग्रवाल, उपाध्यक्ष पर्यावरण विकास गोयल, उपाध्यक्ष संपर्क अजय शिवहरे, उपाध्यक्ष सेवा ज्योति मोहन जिंदल, उपाध्यक्ष संस्कार गौरव बिंदल, सेवा प्रमुख दीपक भार्गव, डाटा प्रभारी संजीव गुप्ता और जल सेवा प्रभारी सुधीर जैन ने नए सत्र के लिए दायित्व ग्रहण किया। अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता ने कहा कि परिषद आने वाले समय में सेवा, संस्कार और समाज उत्थान के कार्यों को और अधिक गति देगी। सचिव राजीव गोयल और कोषाध्यक्ष मयंक जैन ने कहा कि परिषद का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा कार्यों को पहुंचाना है। संगठन टीम भावना के साथ समाजहित के प्रकल्पों को आगे बढ़ाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने दिए स्वस्थ जीवन के मंत्र

## 'अपनों की बात अपनों के साथ-3' कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने ली भागीदारी

**आगरा (एनएनआई)।** यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं अंतर्राष्ट्रीय सिंधी समाज संगठन महिला विंग के संयुक्त तत्वावधान में 'अपनों की बात अपनों के साथ-3' स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का नेतृत्व अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. मनीष गुरुदत्ता ने किया। संगोष्ठी में पूजा त्रिपाठी ने न्यूरो संबंधी बीमारियों और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया। वहीं डॉ. देव रंजन अग्रवाल ने हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी। डाइटीशियन रिंकल शर्मा ने संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने कहा कि सही खानपान और नियमित दिनचर्या से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय सिंधी समाज संगठन की अध्यक्ष अंजू दियालानी, महामंत्री दिया सेवकानी, सलाहकार डॉ. मनिंदर कौर, कोषाध्यक्ष प्रीति नागदेव और सहमंत्री पूजा सेवकानी सहित संगठन की पूरी टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। संगोष्ठी के दौरान आयोजित खुले प्रश्नोत्तर सत्र में लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से सीधे संवाद कर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम में समय पर उपचार, बेहतर जीवनशैली और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का वातावरण जागरूकता, सामाजिक एकता और अपनत्व से सराबोर रहा। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन आपका स्वास्थ्य ही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है संदेश के साथ किया गया।

